<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन</u>

पंतनगर। 01 अक्टूबर 2021। भारत की आजादी के 75वें वर्ष पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के तत्वाधान में मनाए जा रहे 'भारत का अमृत महोत्सव' के अर्न्तगत अखिल भारतीय शोध परियोजना, गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा 'स्वच्छता अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिसरवासियों को घर, कार्यालय एवं उसके आस–पास के वातावरण को स्वच्छ बनाना एवं श्रम की महत्ता से अवगत कराना था। स्वच्छता अभियान के अर्न्तगत गृहविज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण एवं आस–पास के क्षेत्र में परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सफाई कर भारत को हरा–भरा एवं स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के आयोजन में कोरोना की गाइड लाइन का पालन किया गया। सभी व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग, सेनिटाइज एवं सामाजिक दूरी का पालन किया गया। स्वच्छता अभियान का आयोजन परियोजना की इकाई प्रभारी, डा. दीपा विनय, के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में डा. अनुराधा दत्ता, डा. मनीषा गहलोत, डा. सीमा क्वात्रा, डा. पूनम तिवारी, डा. सुनीता शर्मा एवं परियोजना के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के दौरान साफ–सफाई करते परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारी।